# लखपति दीदी

**[स्रोत: पी.आई.बी.](#)**

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री (PM) ने महाराष्ट्र में **लखपति दीदी सम्मेलन** में भाग लिया, जो **स्वयं सहायता समूहों** (Self-Help Groups- **SHG)** के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम था।

## लखपति दीदी सम्मेलन की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **प्रमाण पत्र और सम्मान:** प्रधानमंत्री ने 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किये और उन्हें सम्मानित किया, जो हाल ही में **वर्तमान सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान** लखपति बनीं थीं।
- **वित्तीय संवितरण:** 2,500 करोड़ रुपए की एक **परिक्रामी निधि** जारी की गई, जिससे 4.3 लाख **स्वयं सहायता समूहों** के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिला।
    - इसके अतिरिक्त 2.35 लाख स्वयं सहायता समूहों के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ पहुँचाने के लिये 5,000 करोड़ रुपए के बैंक ऋण वितरित किये गए।
- **सांस्कृतिक और आर्थिक महत्त्व:** प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका और **तीन वर्षों के भीतर तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था** के रूप में **भारत के उदय में उनके योगदान** पर ज़ोर दिया, तथा ऐतिहासिक उपेक्षा से लेकर उनके बोझ को कम करने के उद्देश्य से हाल की पहलों में बदलाव पर प्रकाश डाला।

## लखपति दीदी पहल क्या है?

- **परिचय:** "लखपति दीदी" स्वयं सहायता समूह की वह सदस्य होती है, जिसने **सफलतापूर्वक एक लाख रुपए या उससे अधिक की वार्षिक घरेलू आय प्राप्त कर ली** हो।
    - यह आय कम-से-कम चार कृषि मौसमों या व्यवसाय चक्रों तक बनी रहती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि औसत मासिक आय दस हजार रुपए (10,000 रुपये) से अधिक है।
    - इसकी शुरुआत दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन **(Deendayal Antyodaya Yojana-National Rural Livelihoods Mission- DAY-NRLM)** द्वारा की गई थी, जिसमें प्रत्येक SHG परिवार को मूल्य शृंखला हस्तक्षेपों के साथ-साथ कई आजीविका गतिविधियों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप **प्रति वर्ष 1,00,000 रुपए या उससे अधिक की स्थायी आय** होती है।
- **उद्देश्य:** इस पहल का उद्देश्य न केवल **महिलाओं की आय में सुधार करके उन्हें सशक्त बनाना** है, बल्कि स्थायी आजीविका प्रथाओं के माध्यम से उनके जीवन में बदलाव लाना है।
    - ये महिलाएँ अपने समुदायों में आदर्श के रूप में कार्य करती हैं तथा प्रभावी संसाधन प्रबंधन और उद्यमशीलता की शक्ति का प्रदर्शन करती हैं।
- **लखपति दीदी रणनीति:**
    - **विविध आजीविका विकल्प:** यह पहल **स्वयं सहायता समूह** के सदस्यों के लिये आजीविका विकल्पों को गहन, सुदृढ़ और विस्तारित करने पर ज़ोर देती है।
        - प्रशिक्षित सामुदायिक संसाधन व्यक्ति, संसाधन संपर्क के लिये डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके स्वयं सहायता समूह के सदस्यों हेतु आजीविका नियोजन में सहायता करते हैं।
    - **कार्यान्वयन सहायता:** स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को परिसंपत्तियों (इनपुट, उपकरण, बुनियादी ढाँचा), कौशल (ज्ञान और व्यावहारिक कौशल), वित्त तक पहुँच (बैंक लिंकेज, विभागीय योजनाएँ) और बाज़ार अभिगम (ब्रांडिंग, पैकेजिंग, ई-कॉमर्स) के रूप में समय पर सहायता प्राप्त होती है।
    - **क्षमता निर्माण:** मिशन स्टाफ, सामुदायिक संस्थाओं और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को आजीविका गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर नियमित और संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किये जाते हैं।
    - **अभिसरण और साझेदारी:** यह पहल तकनीकी, वित्तीय तथा क्षमता निर्माण संसाधनों को जुटाने के लिये विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं निजी क्षेत्र के खिलाड़ियों के साथ साझेदारी के साथ अभिसरण का लाभ उठाती है।

| मंत्रालय | अभिसरण (Convergence) योजनाएँ |
|---|---|

| | |
|---|---|
| ग्रामीण<br><br>विकास मंत्रालय, (MoRD) | 1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS)<br>2. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (DDU-GKY)<br>3. ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI)<br>4. प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) |
| कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (MoA&FW) | 1. बागवानी के एकीकृत विकास के लिये मिशन (MIDH),<br>2. कृषि मशीनीकरण पर उप मिशन (SMAM),<br>3. राष्ट्रीय बाँस मिशन,<br>4. शहद और मधुमक्खी पालन पर राष्ट्रीय मिशन,<br>5. बाजरा का संवर्धन,<br>6. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY),<br>7. 10 हजार FPO, कृषि इन्फ्रा फंड (AIF),<br>8. प्राकृतिक कृषि और सेवा वितरण आदि के लिये विस्तार एजेंट के रूप में सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (CRP) की नियुक्ति |
| पशुपालन एवं डेयरी विभाग (DAHD) | 1. पशुधन उत्पादन के स्वास्थ्य और विस्तार के लिये मान्यता प्राप्त एजेंट (A-हेल्प),<br>2. राष्ट्रीय पशुधन मिशन, पशुपालन इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड,<br>3. राष्ट्रीय गोकुल मिशन आदि। |
| खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI) | सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का प्रधानमंत्री औपचारिकीकरण योजना (PMFME) |
| मत्स्य पालन विभाग | प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना |
| लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) | पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार हेतु कोष योजना (SFURTI) |

- **उपलब्धियाँ: वर्ष 2023 में लखपति दीदी योजना की शुरुआत के बाद से एक करोड़ महिलाओं को पहले ही लखपति दीदी बनाया जा चुका है। सरकार ने ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने वाली 9 करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख SHG की सफलता को मान्यता देते हुए लखपति दीदी के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ करने की घोषणा की है।**
  - पूरे भारत में लाखों महिला स्वयं सहायता समूहों को 6000 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि वितरित की गई।

//




## महिला सशक्तीकरण से संबंधित अन्य पहल

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना
- महिला ई-हाट
- प्रधानमंत्री आवास योजना
- मशिन शक्ति
- नारी शक्ति पुरस्कार

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

### ??????????:

**प्रश्न. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मशिन ग्रामीण क्षेत्रीय नर्धिनों के आजीविका वकिल्पों को सुधारने का कसि प्रकार प्रयास करता है?**

**(2012)**

1. ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नए वनिर्माण उद्योग तथा कृषि व्यापार केंद्र स्थापति कर।
2. 'स्व-सहायता समूहों' को सशक्त बनाकर और कौशल वकिास की सुवधिाएँ प्रदान कर।
3. कृषकों को नःिशुल्क बीज, उर्वरक, डीज़ल पंपसेट तथा लघु सचिाई सयंत्र देकर।

**नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/lakhpati-didi-3